दिन—सोमवार

दिनांक— 03 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से।

अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी। पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती।

02. बिहार की चालीस लोकसभा सीटों के लिए उनतालीस महिला उम्मीदवारों सहित चार सौ सत्तानवे उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का कल होगा फैसला।

03. लोकसभा चुनाव में चौंसठ करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इकतीस करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————

लोकसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य की चालीस सीटों के लिए सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू हो जायेगी। कल ही भोजपुर जिले के अगिआंव विधानसभा उपचुनाव की भी मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि अरवल, शिवहर, सहरसा, शेखपुरा और लखीसराय को छोड़कर सभी जिला मुख्यालयों में मतगणना केन्द्र बनाए गये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी और उसके बाद आधे घंटे ईवीएम में डाले गए मतों की गिनती होगी। उन्होंने बताया कि सभी काउंटिंग सेंटर पर विधानसभावार टेबल की व्यवस्था की गयी है।

———बाईट———

पटना साहिब संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक बत्तीस राउंड की गिनती होगी। वहीं, शिवहर और किशनगंज संसदीय क्षेत्रों में सबसे कम इक्कीस राउंड गिनती चलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतगणना को लेकर इक्यावन प्रेक्षकों की तैनाती की गई है। काउंटिंग सेंटर पर प्रेक्षक को छोड़कर किसी को भी मोबाईल फोन रखने की अनुमति नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर काउंटिंग प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने के प्रबंध किये गए हैं।

सभी केंद्रों पर मीडियाकर्मियों की सुविधा के लिए अलग से मीडिया सेंटर बनाया गया है, जहां उन्हें अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी।

---बाईट---

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी मतगणना केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के तहत केन्द्रीय पुलिस बल और बिहार पुलिस के जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जहां केन्द्रीयकृत तरीके से मतगणना की निगरानी की जायेगी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे से पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जायेगी।

---बाईट---

निर्वाचन आयोग ने कल किसी भी उम्मीदवार को विजय जुलूस निकालने के लिए पूर्व में अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया है। काउंटिंग सेंटर के आस–पास दो सौ मीटर के दायरे में धारा एक सौ चौवालीस लागू कर दी गई है। मतगणना के रूझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट रिजल्ट डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर उपलब्ध रहेंगे। प्रारंभिक रूझान सुबह दस बजे के बाद आने लगेंगे। इधर, हमारे संवाददाताओं ने बताया कि आज सभी काउटिंग सेन्टर पर मतगणना का पूर्वाभ्यास किया गया।

---

अठारहवीं लोकसभा चुनाव में बिहार की चालीस सीटों के लिए उनतालीस महिला उम्मीदवारों सहित चार सौ सत्तानवे उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का कल फैसला होगा। तीन केन्द्रीय मंत्रियों गिरिराज सिंह, आर.के सिंह और नित्यानंद राय की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर हैं। इसके अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, राधा मोहन सिंह, रामकृपाल यादव, राजीव प्रताप रूडी, जदयू के वरिष्ठ नेता और विधान परिषद के सभापति देवेशचन्द्र ठाकुर तथा जदयू के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह की चुनावी किस्मत का फैसला होना है। लोजपा रामविलास के अध्यक्ष चिराग पासवान, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी के भी राजनीतिक भविष्य का कल फैसला होगा। इंडी गठबंधन से कांग्रेस नेता तारिक अनवर, राजद की मीसा भारती और रोहिणी आचार्य की चुनावी प्रतिष्ठा भी दांव पर है।

———————————————————————————————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि भारत के लोकसभा चुनाव में चौंसठ करोड से अधिक मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। श्री कुमार आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह संख्या सभी जी7 देशों– अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा के मतदाताओं की संख्या का डेढ गुना है। श्री कुमार ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में इकतीस करोड से अधिक महिला मतदाताओं ने वोट डाला, जो एक विश्व रिकॉर्ड है।

———बाईट———

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि कल प्रत्येक मतगणना टेबल पर माइक्रो पर्यवेक्षकों के साथ–साथ मतगणना केंद्रों पर चौबीसों घंटे सीसीटीवी कवरेज की जाएगी।

———बाईट———

———————————————————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दावा किया है कि एनडीए गठबंधन राज्य की सभी चालीस सीटों पर जीत हासिल कर रही है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि बिहार के लागों ने प्रधानमंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर मतदान किया है और यह चुनाव परिणामों में भी दिखेगा।

———बाईट———

———————————————————————————————————

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि बिहार में इंडी गठबंधन को दो तिहाई सीटों पर जीत मिलेगी। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को अकेले छह से सात सीटों पर जीत मिल रही है।

———बाईट———

———————————————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता मनोज कुमार झा ने कहा है कि कल आने वाले चुनाव परिणाम एग्जिट पोल के विपरीत होंगे। पत्रकारों से बातचीत में श्री झा ने कहा कि इंडी गठबंधन को बिहार में पच्चीस से अधिक सीटों पर जीत मिलेगी।

———बाईट———

——————————————————————————————

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव के परिणाम और अगामी सरकार के गठन को लेकर चर्चा हुई।

——————————————————————————————

पटना, गया, जहानाबाद, वैशाली, बांका, भागलपुर, किशनगंज, कटिहार और पूर्णियां जिले में आज तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि कई जगहों पर पेड़ गिर जाने से आवागमन बाधित हो गया है। आम की फसल को भी व्यापक पैमाने पर नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कुणाल कौशिक ने बताया कि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश हो सकती है। राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

———बाईट———

इधर, आज चालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापामान के साथ नवादा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

——————————————————————————————

गया ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में आठ जून को भव्य पासिंग आउट परेड का आयोजन किया जायेगा। अकादमी के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस मिन्हास ने बताया कि इसमें एक सौ बीस कैडेट पास आउट होंगे।

———बाईट———

——————————————————————————————

पटना के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत गोखुलपुर गांव में अपराधियों ने एक निजी फाईनांस कंपनी से हथियार के बल पर चौदह लाख रूपये लूट लिये। बिहटा के डीएसपी पंकज कुमार मिश्र ने बताया कि छह की संख्या में आये अपराधियों ने सभी कर्मचारियों और ग्राहकों को बाथरूम में बंद कर घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

———————————————————————————

मुंगेर कोतवाली थाना क्षेत्र के भूसा गली से पुलिस ने तीन हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो पिस्टल, चार मैगजीन और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

———————————————————————————

अररिया जिले के बथनाहा सीमा क्षेत्र से एसएसबी और पुलिस की टीम ने एक चार पहिया वाहन से लगभग 240 किलो गांजा बरामद किया है।

———————————————————————————

01. लोकसभा चुनाव की कल होने वाली मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी। पहले पोस्टल बैलेट की होगी गिनती।

02. बिहार की चालीस लोकसभा सीटों के लिए उनतालीस महिला उम्मीदवारों सहित चार सौ सत्तानवे उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का कल होगा फैसला।

03. लोकसभा चुनाव में चौंसठ करोड़ से अधिक मतदाताओं ने भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया। इकतीस करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

04. और, मौसम विभाग ने अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के पूर्वी और उत्तरी हिस्सों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————————

समाप्त हुआ।